तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 3.1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

11 हर जिंदगी को खुशहाल बनाना यात्रा का उद्देश्य



12 मंत्री के सामने लोगों ने किया हंगामा, बोले, बरगलाओ नहीं, समाधान करो



## खबर संक्षेप

### हरियाणा पुलिस में एएसआई का हार्ट अटैक से निधन

**गोहाना।** हरियाणा पुलिस में एएसआई प्रदीप का हार्ट अटैक के चलते निधन हो गया। वे हरियाणा पुलिस में चतुर्थ वाहिनी मधुबन में कार्यरत थे। परिवार के साथ वे मधुबन में रहते थे। बुधवार शाम को उनका निधन हो गया था। गुरुवार को उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव छिछड़ाना लाया गया। यहां पर पुलिस सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रदीप की पत्नी भी हरियाणा पुलिस में मधुबन में तैनात है। प्रदीप का एक लडका और एक लड़की है।

### शराब पीने के लिए पैसे न देने पर पत्नी को पीटा

**गोहाना।** कबीर बस्ती में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर पति ने पत्नी को लाठी से पीटकर घायल कर दिया। पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने महिला को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। कबीर बस्ती निवासी रीना ने बताया कि उनका पति सुभाष शराब पीने का आदी है। शराब पीकर उनके पति उसके साथ मारपीट करते हैं। मारपीट में उनकी सास भी पति का साथ देती है। बुधवार को उनके पति शराब पीने के लिए पैसे मांगे। मना किया तो सुभाष ने लाठी से उसकी पिटाई कर दी। इससे उसे काफी चोटें आई। मारपीट करने के बाद पति जान से मारने की धमकी देकर घर से बाहर चला गया।

### मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजा

**सोनीपत।** मादक पदार्थ निरोधक स्टाफ ने युवक को चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी गांव तिहाड़ खुर्द निवासी दलबीर है। आरोपी को सहायक उप निरीक्षक प्रदीप की टीम ने गांव तिहाड़ खुर्द के पास से पकड़ा है। उसके पास से 121 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने चरस को एक राहगीर से लिया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### युवक को धारदार हथियार से घायल किया

**सोनीपत।** अनाज मंडी के पास घूमने गए युवक व उसके दो सालों पर हमलावरों ने लाठी-डंडे व धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे तीनों घायल हो गए। दिल्ली के गांव घोघा निवासी योगेश ने बताया कि वह कालूपुर में अपनी ससुराल आए थे। वह अपने साले सुमित और आकाश के साथ अनाज मंडी की तरफ घूमने गए थे।

### समीक्षात्मक बैठक में दिए जरूरी दिशा-निर्देश

**सोनीपत।** उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कड़े निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं के तहत किये जाने वाले विकास कार्य लंबित न रहें। इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लघु सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

### स्वामित्व योजना को लेकर जिला विकास एवं पंचायत विभाग कर रहा काम

# 28,565 हजार मालिकों की मैपिंग पेंडिंग, 31 तक करनी होगी पूरी

- एसीएस की मीटिंग से पहले पूरा करना होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

पीएम स्वामित्व योजना को लेकर प्रशासनिक अधिकारी पूरा जोर लगा रहे हैं, इसी का नतीजा है जिले का काम लगभग 89.05 प्रतिशत पूरा हो चुका है। हालांकि अभी जिले में 28 हजार 565 मालिकों की मैपिंग पेंडिंग हैं। इसको लेकर अधिकारी लगातार निर्देश दे रहे हैं। विशेष बात ये है कि मैपिंग के कार्य को लेकर विकसित भारत यात्रा का सहारा भी लिया जा रहा है। जहां-जहां यात्रा जा रही है, वहां-वहां मैपिंग से संबंधित कार्य पूरा किया जा रहा है। मैपिंग के कार्य को पूरा करने के लिये अधिकारियों की ओर से 31 दिसंबर की डेडलाइन दी गई है। पेंडेंसी में सबसे ज्यादा आंकड़ा खरखौदा ब्लॉक का है। जहां पर 82 प्रतिशत कार्य ही संपन्न हो पाया है। इसी तरह से गन्नौर ब्लॉक भी 86 प्रतिशत काम पूरा कर पाया है। 93 प्रतिशत काम पूरा कर मुडलाना ब्लॉक सबसे आगे है। बता दें कि स्वामित्व योजना केंद्र सरकार ने अप्रैल 2021 में शुरू की थी। इस योजना के तहत गांवों में लाल डोरे में जायदाद की मैपिंग करवाई जानी है। मैपिंग के बाद मालिक को प्रोपर्टी आईडी दिया जाएगा, इसके अलावा उसकी जायदाद की रजिस्ट्री भी करवाई जाएगी। योजना का मुख्य मकसद लाल डोरे में आने वाली जमीन-जायदाद का आर्थिक दृष्टि से इस्तेमाल करने की आजादी देना था। उदाहरण के लिये अभी तक लाल डोरे में आने वाली जायदाद पर बैंक लोन लेने में समस्या आती है, क्योंकि ऐसी जायदाद के कागजात पूरे नहीं है। ऐसे में योजना के तहत ऐसी जायदाद को मालिकों के नाम रजिस्ट्री करवाई जा रही है, ताकि ये मालिक अपनी जायदाद पर लोन ले सकें।



### कुछ ने गलत दर्ज किए आंकड़े

स्वामित्व योजना को लेकर कुछ ब्लॉक में अधिकारियों द्वारा मालिकों की आईडी डिलीट करने के मामले भी सामने आए थे। अपने ब्लॉक के मैपिंग के कार्य का प्रतिशत ऊंचा करने के लिये किए गए इस काम को लेकर अधिकारियों ने नाराजगी जाहिर की थी, जिसके बाद इन्हें ठीक किया गया था। अब मैपिंग के बचे हुए कार्यों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ पूरा किया जा रहा है। ब्लॉक लेवल पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जिस गांव में भी यात्रा जाती है, वहां पर अगर मैपिंग का कार्य पेंडिंग हैं तो यात्रा के साथ गांव में पहुंचकर कार्य पूरा करवाएं।

### किस ब्लॉक की क्या है स्थिति

| ब्लॉक | कुल मालिक | मैपिंग पूरी | मैपिंग पेंडिंग | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| गन्नौर | 33,687 | 29,015 | 4,672 | 86.13 |
| गोहाना | 33,649 | 31,120 | 2,529 | 92.48 |
| कथूरा | 24,949 | 22,854 | 2,095 | 91.6 |
| खरखौदा | 41,973 | 34,418 | 7,555 | 82 |
| मुडलाना | 34,810 | 32,591 | 2,219 | 93.63 |
| मुरथल | 23,526 | 21,634 | 1,892 | 91.96 |
| राई | 35,314 | 32,204 | 3,110 | 91.19 |
| सोनीपत | 31,036 | 27,048 | 3,988 | 87.15 |
| कुल | 2,60,769 | 2,32,204 | 28,565 | 89.05 |

नोट : ये आंकड़ें 11 दिसंबर तक के हैं।

### काम पूरा करने की डेडलाइन दी

स्वामित्व योजना को लेकर पिछली बार जो मीटिंग हुई थी, उसमें अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत गांवों में जाने के निर्देश दिए गए थे। मैपिंग का कार्य यात्रा के साथ ही पूरा किया जा रहा है। सभी ब्लॉक को अपना कार्य पूरा करने के लिये 31 दिसंबर तक का समय दिया गया है।
-राजपाल सिंह, डीडीपीओ, सोनीपत।

### ये है योजना की प्रोसेस

लाल डोरे में चूना लगाकर मार्किंग की जाती है। इसके बाद ड्रोन उड़ाकर मैपिंग की जाती है। इस मैप को फिर सर्वे ऑफ इंडिया के पास भेजा जाता है। सर्वे ऑफ इंडिया की ओर संबंधित विभाग को भेजा जाता है। इस तरह से 3 बार मैपिंग की जांच पड़ताल की जाती है। इसके बाद पंचायत द्वारा प्रोपर्टी कार्ड बनाया जाता है। इसमें नक्शा भी होता है, जिसके बाद 183 रुपये में सरकार रजिस्ट्री करती है।

## बीएसटी आरओबी के पास नाला ओवरफ्लो



गन्नौर। आरओबी के पास नाला क्षतिग्रस्त होने से सड़क पर भरा दूषित पानी।

- लोगों की बढ़ी परेशानी, नपा अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बीएसटी रेलवे ओवरब्रिज के पास दूषित पानी की निकासी के लिए बना नाला स्थानीय लोगों की परेशानी को बढ़ा रहा है। नाला ओवरफ्लो होने के चलते दूषित पानी सड़क पर बह रहा है। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका द्वारा नालों की सफाई न करवाने के विरोध में रोष व्यक्त किया।

उन्होंने नपाध्यक्ष अरुण त्यागी को ज्ञापन सौंप कर नाले की सफाई करवाने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गंदे पानी की निकासी के लिए सड़क के साथ नगरपालिका नाला बना रखा है। नाले की पिछले कई वर्षों से सफाई नहीं हो रही है। नालों पर कुछ लोगों से अवैध से पक्के स्लैब डाल रखे हैंए जिस वजह से नाले के इस हिस्से को बिना सफाई किए ही छोड़ दिया जाता है। जिसके चलते नाले से पानी ओवरफ्लो होकर साथ लगती सड़क में भर जाता है। पानी निकासी का उचित प्रबंध नहीं होने से स्थानीय लोग परेशान हैं। वह पिछले कई वर्षों से नगरपालिकाए एसडीएमए सीएम विंडो पर शिकायत देकर नालों पर हुए अवैध निर्माण को तुड़वा कर नालों की सफाई करवाने की मांग कर रहे हैंए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### गली निर्माण की भी मांग

स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क के साथ लगती गली का भी निर्माण कई वर्षों से नहीं हुआ है। गली में प्ले स्कूल हैए जिसमें छोटे बच्चे आते हैं। गली टूटने की वजह से वह कई बार गिर कर घायल हो चुके हैं। उन्होंने नपाध्यक्ष से गली निर्माण करवाने की भी मांग की है।

## अतिक्रमण करने वालों के काटे जाएंगे चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- मेयर निखिल ने किया क्वार्टर बाजार का दौरा

नगर निगम मेयर निखिल मदान वीरवार को निगम अधिकारियों के साथ कच्चे क्वार्टर बाजार पहुंचे और पैदल घूमकर पूरे बाजार का दौरा किया। मेयर निखिल मदान ने बताया कि अतिक्रमण के विषय पर नगर निगम प्रसाशन द्वारा सभी दुकानदारों को कई बार सूचित किया गया है कि वो अपनी अपनी दुकानों के आगे से हर तरह का अतिक्रमण हटा दे। देखा गया है कि नगर निगम के अधिकारियों के दौरे के समय तो दुकानदार सामान हटा देते है लेकिन कुछ समय बाद दोबारा चारपाई, अलमारी, तख्त, रेहड़ी इत्यादि लगाकर दुकान का सामान रख लेते है। साथ ही कुछ दुकानदार अपनी दुकानों के आगे खाने के सामानों की रेहड़ी भी लगवाते है। आज ऐसे सभी दुकानदारों को अतिक्रमण ना करने का सख्त संदेश दिया गया है। अगर सोमवार के बाद भी दुकानदार अतिक्रमण जारी रखते है तो ऐसे दुकानदारों का सामान जब्त करने और चालान करने के आदेश दिए गए है। मार्केट प्रधान राकेश चोपड़ा और जवाहर चांदना ने कहा कि वो ऐसे दुकानदारों का चालान करने के पक्ष में है और इन दुकानदारों के खिलाफ निगम से कड़े कदम उठाने की मांग करते है। इस दौरान नगर निगम सफाई निरीक्षक सुंदर मलिक, सुधीर काला, बिट्टू जैन, विजय चुघ, ललित जुनेजा, राजेश कुमार, नरेश छाबड़ा आदि मौजूद रहे।



सोनीपत। कच्चे क्वार्टर मार्केट में निरीक्षण करने पहुंचे मेयर निखिल मदान व अन्य।

## भावर गांव में बिजली चेकिंग करने गई टीम पर ग्रामीणों ने किया हमला

- घायल जेई व लाइनमैन को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती करवाया

**गन्नौर।** गांव भावर में बिजली चोरी की चेकिंग करने गई बिजली विभाग की टीम पर गांव के आधा दर्जन ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले में बिजली विभाग के जे ई व लाइनमैन घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए गन्नौर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद खानपुर पीजीआई रेफर कर दिया। बिजली विभाग के एसडीओ ने आरोपित हमलावरों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। बिजली विभाग के ग्रामीण कार्यालय के एसडीओ अभिषेक ने बताया कि 20 दिसंबर की शाम को गांव में बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग के लिए जे ई नीरज, यशपाल, महिपाल, नरेंद्र, जोगेंद्र लाइनमैन, आशीष गाड़ी चालक मुकेश की टीम गठित की गई। शिकायत में एसडीओ ने बताया कि टीम जब गांव भावर मैं मंदिर के पास लगे जन स्वास्थ्य विभाग के गांव मेंपानी सप्लाई के ट्यूबल पर लगे ट्रासफार्मर पर अवैध तार दिखाई दिए। जिन तारो को हमारी पार्टी ने उतारने की कोशिश की तो रोहित व राकेश भाँवर ने कहा कि ट्रासफार्मर पर तार हमने लगाए हुए है यहाँ से हम बिजली चोरी करके अपने खुम्बी फार्म पर बिजली चलाते है। जब टीम ने दुबारा ट्रासफार्मर से डोरी हटाने की कोशिश की तो उन्होने 4-5 व्यक्तियो को और बुला लिया और टीम के साथ मारपीट करते हुए सरकारी कार्य में बाधा डाली, जब हमने विडियो बनाने की कोशिश की तो उन्होने हमारे फोन तोड दिए और हमले के दौरान नीरज जे ई गंभीर रूप से घायल हो गई। जोगिंदर लाइनमैन के सिर में ज्यादा चोट आने के खानपुर रैफर कर दिया गया। शिकायत में एसडीओ ने बताया कि झगडा करने वाले व्यक्तियो ने सभी कर्मचारियो को जान से मारने की धमकी दी। घायल कर्मचारी का मेडिकल करवाने के बाद बिजली विभाग के एसडीओ ने पुलिस को शिकायत दी।

## सूचना आयुक्त ने बीडीपीओ व ग्राम सचिव पर लगाया जुर्माना

- आरटीआई में मांगी जानकारी उपलब्ध न करवाने पर कार्रवाई

**गोहाना।** प्रदेश के सूचना आयुक्त डॉ. जगबीर सिंह ने गोहाना खंड के बीडीपीओ और ग्राम सचिव में से प्रत्येक पर 12,500 रुपए का जुमार्ना लगाया है। उन्होंने यह कार्रवाई बिलबिलान गांव के महिपाल सिंह को आरटीआई में मांगी जानकारी उपलब्ध न करवाने पर की। महिपाल सिंह बिलबिलान गांव के रहने वाले हैं। उनका आरोप है कि गांव में हुए विकास के कामों में भारी-भरकम घोटाला हुआ। उस घोटाले का पदार्फाश करने के लिए वह अढ़ाई साल से आरटीआई का बार-बार सहारा ले रहे हैं। ग्रामीण का कहना है कि उन्होंने सब से पहले 3 अगस्त 2021 को गोहाना खंड के बीडीपीओ के पास आरटीआई लगाई। जवाब नहीं आया तो उन्होंने सोनीपत के डीडीपीओ को शिकायत की। वहां से भी कोई राहत न मिलने पर पंचायत और विकास विभाग के निदेशक को शिकायत की। पर परिणाम शून्य रहा।

## गीता जयंती महोत्सव आज से, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- 22 और 23 दिसंबर को सुभाष स्टेडियम में आयोजन

22 व 23 दिसंबर को स्थानीय सुभाष स्टेडियम में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 22 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव की शुरूआत भी हवन यज्ञ से की जाएगी, जिसमें गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी बतौर मुख्यातिथि हवन यज्ञ में पूर्ण आहूति डालते हुए गीता जयंती महोत्सव की शुरूआत करेंगी। जिला स्तरीय गीता जयंती में 23 दिसंबर को सुबह सांसद रमेश कौशिक बतौर मुख्यातिथि हवन यज्ञ में पूर्ण आहूति डालते हुए कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे और जिलावासियों को गीता का संदेश देंगे। इसके पश्चात दोपहर 02 बजे नगर शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसकी शुरूआत राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली सेक्टर-15 स्थित जागृति स्थल से करेंगे। यह नगर शोभायात्रा शहर के विवेकानंद चौक, दिल्ली रोड़, मामा भांजा चौक, गीता भवन चौक, गोहाना फ्लाईओवर, ककरोई चौक, तिरंगा चौक से होकर सुभाष स्टेडियम में पहुंची। शहर से गुजरते समय जगह-जगह सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा नगर शोभायात्रा का स्वागत किया जाएगा। 23 दिसंबर को गीता जयंती समारोह की संध्या में दीपोत्सव व आरती का आयोजन किया जाएगा और गीता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विधायक मोहनलाल बड़ौली बतौर मुख्यातिथि शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं तथा अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे।

## हैदरपुर हेड में मिला युवक का शव 8 दिन पहले नहर में गिरी थी गाड़ी

**सोनीपत।** गांव ककरोई के पास करियर लिंक चैनल (सीएलसी) नहर में कार समेत गिरे तीसरे युवक का शव दिल्ली के हैदरपुर हेड पर मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में पहले ही कार चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा दर्ज कर रखा है। हादसे में एक युवक की पहले ही मौत हो गई थी और चालक गंभीर हालत में बचकर निकल आया था। हिसार के थाना हांसी के गांव गढ़ी के रहने वाले संदीप ने 13 दिसंबर को पुलिस को बताया था कि उनके भाई मनीष (29) अपने दोस्त सोनीपत के मयूर विहार निवासी विकास के पास आए थे। 12 दिसंबर की देर रात विकास, मनीष और उनका साथी गांव सिसाना फिलहाल दहिया कॉलोनी के नजदीक सेक्टर-23 सोनीपत के रहने वाले अशोक के साथ रोहट की तरफ गए थे। कार को विकास चला रहा था। उनकी कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए सीएलसी नहर में गिर गई थी। नहर में गिरने के बाद किसी तरह चालक विकास बाहर निकल गया था। राहगीरों ने कार नहर में गिरने की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने क्रेन की मदद से देर रात कार को बाहर निकाला था तो मनीष का शव मिला था। अशोक का कोई सुराग नहीं लग सका था। उसकी तलाश को प्रशासन ने गोताखोर व एसडीआरएफ की टीम लगा रखी थी।

### गांव रिंढाणा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

## अंतिम व्यक्ति को मिल रहा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

पात्र लोगों को उनके घर द्वार पर सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव रिंढाणा पहुंची। यात्रा के दौरान ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि पंचायत समिति की चेयरपर्सन साक्षी मलिक ने गांव रिंढाणा और रिंढाणा जिसरथान दोनों पंचायतों को 5-5 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम की मुख्यातिथि पंचायत समिति की चेयरपर्सन साक्षी मलिक रहीं। उन्होंने कहा कि ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्न का मुख्य उद्देश्य हर पात्र व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। प्रदेश सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना है। मनोहर सरकार ने प्रदेश हित के ड्रीम प्रोजेक्ट या आमजन से जुड़ी महत्वाकांक्षी योजनाओं की तय सीमा के अंदर पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए अनुकरणीय कदम बढ़ाए हैं। पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है। इस मौके पर हरियाणा भाजपा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष फूल खरब, बीडीपीओ अंकुर, फूड सप्लाई इस्पेक्टर राजेश हुड्डा, जितेन्द्र शर्मा, सुधीर मलिक, सरपंच सित्तल व सरपंच चांद आदि मौजूद रहे।



गोहाना। महिलाओं को पौष्टिक आहार के लिए जागरूक करते अतिथि व अधिकारी।

## नियम 134-ए : प्रतिपूर्ति राशि के लिए स्कूल करें आवेदन

- मौलिक शिक्षा निदेशालय की ओर से जारी किए गए निर्देश
- निजी विद्यालयों को पोर्टल पर डाटा करना होगा अपडेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

निजी विद्यालयों में नियम 134-ए के तहत पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों की प्रतिपूर्ति राशि के लिये विद्यालयों को आवेदन करना होगा। इसको लेकर मौलिक शिक्षा निदेशायल की ओर से निर्देश जारी करते हुए पोर्टल पर विद्यार्थियों का डाटा अपडेट करने और आवेदन करने के लिये कहा गया है।

इस कार्य के लिये निजी विद्यालयों को 5 जनवरी 2024 तक का समय दिया गया है। निदेशालय की ओर से जिला शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए पत्र में स्पष्ट किया गया है कि अगर इस समय के उपरांत कोई आवेदन करेगा तो वो मान्य नहीं होगा। इसके साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि केवल उन्हीं विद्यार्थियों का डाटा अपलोड किया जाए, जिनकी प्रतिपूर्ति राशि अभी तक क्लेम नहीं की गई है। बता दें कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा नियमावली-2003 के नियम 134ए के तहत तीसरी से आठवीं कक्षा तक के जरूरतमंद विद्यार्थी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2022-23 और 2023-24 के दौरान अगली कक्षाओं में प्रमोट हुए विद्यार्थियों की फीस की प्रतिपूर्ति करने के लिए मौलिक शिक्षा निदेशालय ने पोर्टल ओपन किया है। जिस पर निजी विद्यालयों को उनके स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थियों का डाटा अपलोड करते हुए प्रतिपूर्ति राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन करना होगा। विभाग की तरफ से जारी किए गए लिंक पर स्कूल संचालक अपने एमआईएस यूजर आईडी व पासवर्ड से लॉगइन करेंगे। विशेष बात यह है कि स्कूल संचालक इसमें विद्यार्थियों का विवरण दर्ज करते समय उसमें सुधार भी कर सकते हैं।

### 5 जनवरी 2024 तक का समय दिया

नियम 134ए के तहत मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों की फीस की प्रतिपूर्ति राशि लेने के लिए स्कूलों को पोर्टल पर आवेदन करना होगा। इसके लिए उन्हें 5 जनवरी 2024 तक का समय दिया गया है।
- **नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### राशि मिलने के बाद भी किया क्लेम तो कार्रवाई

मौलिक शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी किए गए पत्र में स्पष्ट किया है कि स्कूल संचालकों को केवल उन विद्यार्थियों का विवरण ही अपलोड करना होगा, जिसकी फीस की प्रतिपूर्ति नहीं मिली है। यदी किसी स्कूल की तरफ से ऐसे विद्यार्थियों का डाटा अपलोड किया जाता है, जिनकी क्लेम राशि वह विभाग से पहले प्राप्त कर चुके हैं तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

रोचक / शिखर चंद जैन

क्रिसमस पर अपने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाने की परंपरा है। सिर्फ घरों में ही नहीं, बाहर भी बहुत ही भव्य रूप से क्रिसमस-ट्री सजाए जाते हैं, जो सबके आकर्षण का केंद्र होते हैं। यहां हम दुनिया के कुछ देशों में सजाए जाने वाले उन क्रिसमस-ट्री के बारे में बता रहे हैं, जो बहुत ही अजब-अनूठे हैं।

# अजब-अनूठे क्रिसमस ट्री



## लीगो ब्रिक्स क्रिसमस ट्री, ऑस्ट्रेलिया

**बच्चों, लीगो** के ब्लॉक यानी टुकड़ों को जोड़कर घर, ब्रिज, गाड़ियां या अन्य कई आकृतियां बनाई जाती हैं। तुमने भी कभी ना कभी लीगो के ब्लॉक जोड़कर तरह-तरह की आकृतियां बनाई होंगी। बच्चों, लीगो कंपनी भी हर साल इन्हीं ब्लॉक्स को जोड़कर विशाल आकार का एक क्रिसमस-ट्री बनाती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में कंपनी लगभग 13,000 लीगो ब्लॉक्स को जोड़कर 32 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाती है। इस ट्री को 35,000 रंग-बिरंगी एलईडी लाइटों से सजाया जाता है, जो देखने में बहुत ही मनमोहक लगता है। *

## मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस ट्री, अमेरिका



**अमेरिका में** मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस-ट्री लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। यह क्रिसमस-ट्री 67 फीट ऊंचा होता है। इसे मिशिगन राज्य के मस्कीगॉन में स्थित फ्रैथल सेंटर में तैयार किया जाता है। इस क्रिसमस-ट्री की विशेषता यह है कि 15 तलों पर 275 वास्तविक गायक खड़े होकर 'डिंग डांग मेरीली ऑन हाई', 'आई हर्ड बेल्स ऑन क्रिसमस डे' जैसे मधुर गीत अपनी सुरीली आवाज में गाते हैं। इस क्रिसमस-ट्री को 25,000 रंग-बिरंगे मिनी बल्बों से भी सजाया जाता है। इसे देखना वाकई एक अनूठा अनुभव होता है। *

## पैकमैन क्रिसमस-ट्री, स्पेन



**स्पेन के** मैड्रिड शहर में एक अनूठा क्रिसमस-ट्री बनाया जाता है, जो दुनिया भर में चर्चित है। वीडियो गेम पसंद करने वाले बच्चे तो इसके दीवाने हैं, क्योंकि इस क्रिसमस-ट्री की बनावट जापान में 80 के दशक के लोकप्रिय आर्केड वीडियो गेम को समर्पित है, जिसे बाद में पैकमैन के नाम से जाना गया। पैकमैन क्रिसमस-ट्री का आकार एक विशाल त्रिभुज का होता है। मजे की बात पैकमैन क्रिसमस-ट्री के पास जाकर बच्चे पैकमैन वीडियो गेम को खेल भी सकते हैं। *

## लॉबस्टर ट्रैप क्रिसमस-ट्री, कनाडा



**कनाडा के** पूर्वी तटीय टाउन स्टॉनिंगटन में कुछ वर्षों से अनूठा क्रिसमस-ट्री तैयार किया जा रहा है। यहां क्रिसमस-ट्री लॉबस्टर्स (झींगा) के पिंजरानुमा ट्रैप्स से बनाया जाता है। फिर इस क्रिसमस-ट्री को रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री, रिबन और मिनी बल्बों से सजाया जाता है। इस विशालकाय क्रिसमस ट्री को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब इसकी नकल करके कनाडा में कई स्थानों पर ऐसे ही क्रिसमस ट्री बनाए जाने लगे हैं। *

## ड्रम क्रिसमस ट्री, अमेरिका





**अमेरिका के** न्यूयॉर्क सिटी के रोचेस्टर में एक कंपनी पिछले 10 वर्षों से 27 से 28 फीट ऊंचा शानदार क्रिसमस-ट्री का निर्माण करती है। कंपनी द्वारा निर्मित क्रिसमस-ट्री बहुत अनोखा होता है, क्योंकि यह ट्री खाली हो चुके ड्रमों से बनाया जाता है। ड्रमों से बना 12 तल्लों का यह ट्री पूरे न्यूयॉर्क शहर में सबसे अनूठा क्रिसमस-ट्री होता है। इस विशाल क्रिसमस-ट्री के निर्माण में करीब 550 ड्रमों का इस्तेमाल होता है। इस अनूठे क्रिसमस-ट्री को तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम और कलरफुल लाइट्स से सजाया भी जाता है। *

## साइकिल से बने क्रिसमस-ट्री

**न्यूजीलैंड** के रोटोरुआ शहर में साइकिल से बनाया जाने वाला क्रिसमस-ट्री देखकर हर कोई दंग रह जाता है। यह ट्री लगभग 150 पुरानी साइकिलों को जोड़कर बनाया जाता है। साइकिल प्रेमी इसे विशेष रूप से पसंद करते हैं। न्यूजीलैंड की देखा-देखी चीन की राजधानी शेनयांग में भी एक शॉपिंग मॉल में एक बार 230 साइकिलों को जोड़कर 39 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। इसी तरह वर्ष 2014 में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के लिसमोर शहर में भी 90 पुरानी साइकिलों के पार्ट्स से क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। साथ ही रंग-बिरंगी सामग्री से सजाया भी गया था। *





## फ्लोटिंग क्रिसमस ट्री, ब्राजील



**ब्राजील की** राजधानी रियो डि जेनेरो में रोड्रिगो डी फ्रीटास नामक झील है। इस झील में क्रिसमस के मौके पर एक विशाल क्रिसमस-ट्री पानी के ऊपर तैरता दिखता है, जिसे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री कहते हैं। इस ट्री की ऊंचाई 280 फीट होती है। इस क्रिसमस ट्री का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। इस ट्री में बहुत ही शानदार लाइटिंग की जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। फ्लोटिंग क्रिसमस की पूर्व संध्या पर फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के पीछे शानदार आतिशबाजी की जाती है। *

---

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर साल अन्वय के दादा जी सांता क्लॉज बनकर कॉलोनी के बच्चों को उनके पसंद के उपहार चुपचाप बांट आते थे। इस बार जब दादा-दादी के साथ अन्वय नहीं था। वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया था तो बच्चों ने अकेले रह रहे दादा-दादी को सांता क्लॉज की तरह बहुत ही प्यारा और यादगार उपहार दिया। क्या था यह उपहार?

## सबसे प्यारा उपहार



उस दिन चिंटू, रॉबिन, माधव और रानी चारों क्रिसमस सेलिब्रेशन की प्लानिंग के लिए पार्क में इकट्ठे हुए। बात सांता क्लॉज पर होने लगी। बच्चे इस बात पर आश्चर्यचकित थे कि हर साल सांता ना जाने कैसे उनकी पसंद का उपहार रख जाता है। चिंटू अपनी आंखों की पुतलियां चारों ओर घुमाते हुए बोला, 'हमारी टीचर कहती हैं सांता क्लॉज कोई और नहीं, हम लोगों के आस-पास का कोई इंसान होता है, जो हर उस नेक इंसान के पास जाता है, जिसे मदद की जरूरत होती है। बच्चों को उसे खासतौर पर लगाव होता है, इसलिए उन्हें उपहार बांटता है।'

उसी समय बच्चों की नजर पार्क के सामने वाले घर पर पड़ी। उन्होंने देखा कि उनके फ्रेंड अन्वय के दादा-दादी बैठे हुए हैं। माधव ने कहा, 'जब अन्वय हमारे साथ था तो कितना अच्छा लगता था, लेकिन जब से वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया है, उनका घर तो सूना ही हो गया है। दादा-दादी जी कितने उदास नजर आते हैं। क्या उनके लिए भी कोई सांता क्लॉज हो सकता है? उनकी उदासी दूर कर सकता है?' माधव की बात सुनकर रॉबिन बोला, 'क्यों ना इस बार हम अन्वय के दादा-दादी जी के लिए सांता क्लॉज बनें। बच्चे भी तो सांता क्लॉज हो सकते हैं।' 'आखिर हम क्या कर सकते हैं...?' माधव ने आश्चर्य से पूछा।

'अन्वय के पापा मेरे पापा के बहुत अच्छे दोस्त हैं... कई बार उनकी आपस में बात होती है... क्यों ना हम उन्हें कहें कि वे इस बार क्रिसमस और नया साल यहीं अपने देश में मनाएं।' रॉबिन ने कहा।

यह सुनकर रानी हंसते हुए बोली, 'मेरे दादा जी कहते हैं कि जो एक बार विदेश चला जाता है, वह आसानी से अपने देश में लौटता नहीं, बहुत कम अपनों से मिलने आता है।' रानी की बात सुनकर चिंटू बोला, 'नहीं... ऐसा नहीं है।' फिर वह रॉबिन की ओर देखकर बोला, 'तुम अपने पापा से कहना कि अन्वय के पापा से बात करें कि क्रिसमस पर वह भारत आएं। फिर कल हमें बताना।' अगले दिन जब बच्चे पार्क में इकट्ठे हुए तो रॉबिन ने चहकते हुए बताया, 'कल मेरे पापा की अन्वय के पापा से बात हुई थी। उन्होंने बताया कि उनका प्लान है कि वे जनवरी में मकर संक्रांति के आस-पास आएंगे, लेकिन मेरे पापा ने उन्हें क्रिसमस पर आकर दादा-दादी जी को सरप्राइज देने के लिए मना लिया है। शायद वे आज ही फ्लाइट की टिकट्स भी बुक करा लेंगे।' यह सुनकर सब बच्चे खुशी से चहक उठे। सबने प्लान कर लिया था कि इस बार भी क्रिसमस पर पार्क और सामने वाले घर को बहुत अच्छी तरह से सजाएंगे। क्रिसमस की पार्टी यहीं होगी।

जब क्रिसमस में कुछ ही दिन बचे थे तो बच्चों ने दादा-दादी जी के पास जाकर कहा, 'हम लोग क्रिसमस के लिए पार्क को सजा रहे हैं। हम चाहते हैं आपका घर भी सजाएं, अच्छा लगेगा।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोल, 'ठीक है बच्चों...!'

बच्चे चाहते थे कि दादा-दादी जी को सरप्राइज मिले। अपने बेटे-बहू और पोते को देखने के बाद उनके चेहरे की खुशी से खिल उठेंगे। बच्चे रोज दादा-दादी के घर की थोड़ी-थोड़ी सजावट कर रहे थे। एक शाम दादी जी ने दादा जी से कहा, 'हर साल तो आपको अन्वय, अपनी और दोस्तों की ख्वाहिश बता देता था। आप हर रात सांता बनकर बच्चों का मनपसंद उपहार उनके घर के बाहर रख आते थे। इस बार अन्वय हमारे साथ नहीं है, अब आप बच्चों की इच्छा कैसे जानेंगे?'

दादा जी कुछ सोचते हुए बोले, 'बात तो तुम्हारी सही है, सोच रहा हूं कि सब बच्चों के लिए कोई ना कोई आउटडोर गेम ले आऊं।' यह कहकर दादाजी बाजार चले गए। क्रिसमस वाले दिन बच्चों ने पार्क में बहुत अच्छा सेलिब्रेशन किया। दादा-दादीजी भी बच्चों को खुश देखकर कुछ पल के लिए अपनी उदासी भूल गए थे। पार्टी के बाद सब बच्चे अपने घरों को लौट गए। कुछ देर बाद दादा जी सांता का रूप लेकर बच्चों के उपहार उनके दरवाजे के बाहर रखने के लिए अपने घर से बाहर निकले ही थे कि सामने सांता के वेश में पोते अन्वय को देखकर वह चौंके। बेटे-बहू और पोते अन्वय के साथ कॉलोनी के सारे बच्चे भी थे। दादा-दादी जी खुशी से झूम उठे। उन्होंने सब बच्चों को उपहार दिए, लेकिन क्रिसमस का सबसे प्यारा उपहार तो दादा-दादी जी को मिला था। उनकी खुशी कई गुना बढ़ गई, जब अन्वय ने बताया कि वह और मम्मी-पापा अब हमेशा दादा-दादी जी के साथ भारत में ही रहेंगे। इस बार का क्रिसमस सचमुच सबके लिए यादगार बन गया था। *

---

छोटी कहानी / विनीता

## हैप्पी क्रिसमस



सिक्स्थ क्लास में पढ़ने वाली ऐनी बहुत ही खुशमिजाज लड़की है। पड़ोस में रहने वाले सभी लोग उसे बहुत प्यार करते हैं। किसी शाम वह खेलने के लिए पार्क में नहीं आती तो उसे ढूंढ़ते हुए सारे दोस्त उसके घर पहुंच जाते। दो दिनों के बाद ही क्रिसमस है, ना तो अभी तक कोई तैयारी शुरू हुई है और ना ही वह खेलने के लिए पार्क में आई। इसीलिए सारे दोस्त ऐनी का हाल जानने के लिए उसके घर चले गए। दरवाजे पर ही ऐनी की मम्मी मिल गईं। रीमा ने उन्हें नमस्ते करते हुए पूछा, 'आंटी ऐनी की तबीयत तो ठीक है न? वह दो दिनों से खेलने नहीं आ रही।' 'बीमार तो नहीं, लेकिन बहुत सुस्त रहने लगी है आजकल। आज सजावट के लिए उसे साथ लेकर शॉपिंग पर जाना है, लेकिन वह जाने से मना कर रही है। हर साल अब तक मेरे साथ मिलकर वह पूरे घर की डेकोरेशन कंप्लीट करवा देती थी, लेकिन इस बार अभी तक हमारी तैयारी शुरू भी नहीं हुई।'

मम्मी ने चिंतित स्वर में कहा। बच्चे तुरंत ऐनी के कमरे में पहुंचे। वह अकेले गुमसुम सी बैठी थी। बहुत पूछने पर वह बोली, 'हमारे घर पर सफाई के लिए जो सुनीता आंटी आती हैं, उनकी बेटी मीनू के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। हर साल क्रिसमस पर वह भी मेरे साथ होती थी, लेकिन इस बार वह बहुत तकलीफ में है। आंटी बता रही थीं कि उसके पैर का ऑपरेशन करवाना होगा, जिसमें काफी खर्च होगा। उनके घर में पैसों की बहुत तंगी है। आंटी हमारे लिए फैमिली मेंबर की तरह हैं, जब हमारा कोई अपना उदास हो तो ऐसे में उसे छोड़कर हम अकेले फेस्टिवल कैसे सेलिब्रेट कर सकते हैं?' कहते हुए ऐनी की आंखें भर आईं।

'हां, सचमुच यह तो बड़े दुख की बात है। हमें सुनीता आंटी की मदद करनी चाहिए।' रोहन बोला। ऐनी भी बोली, 'हां, मैं भी यही सोच रही थी किस तरह उनकी मदद करूं। मम्मी मुझे जो पॉकेटमनी देती हैं, उसे मैं अपनी पिगीबैंक में संभाल कर रखती हूं। उन पैसों से मीनू के लिए कुछ अच्छा-सा गिफ्ट खरीद लेती हूं। मम्मी से कहूंगी कि इस बार मुझे क्रिसमस गिफ्ट दिलाने के बजाए वे मीनू के इलाज के लिए सुनीता आंटी को कुछ पैसे दे दें।' 'मैं भी अपने पापा से बात करता हूं, वह हड्डियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। वह खुद मीनू का ट्रीटमेंट करेंगे, तो फीस के पैसे भी नहीं लगेंगे।' रोहन ने कहा। 'अपनी पॉकेटमनी मीनू को देने के लिए तैयार हूं, मैं और मैं भी...।' सभी बच्चों ने एक स्वर में ऐनी की बातों का समर्थन किया। तभी ऐनी की मम्मी भी कमरे में आ गईं। वह बोलीं, 'यह तो बहुत अच्छा आइडिया है। क्यों ना, इस बार हम मीनू की मदद करके उसके साथ अपनी खुशियां बांटते हुए यह त्योहार मनाएं, तभी तो हम सभी के लिए इस बार 25 दिसंबर वाकई हैप्पी क्रिसमस बन जाएगा।' इस बात पर सभी बच्चे मिलकर क्लैपिंग करने लगे। वे बहुत ही खुश थे। *

---



कविता / प्रकाश मनु

## क्रिसमस की ये शाम

हंसता झिलमिल क्रिसमस ट्री ये,
हंसती-गाती शाम,
याद रहेगा क्रिसमस मुझको
याद रहेगी शाम।
दीदी के संग खूब सजाया
क्रिसमस ट्री यह मैंने,
इसकी झलर-मलर तो देखो
सपनों के ये डैने।

काश, इसी में जादू वाले
भर दूं मन के रंग,
देखें दोस्त चकित होकर के
नया-नया यह ढंग।
पापा खुश हैं, मम्मी खुश हैं
खुशियों वाली शाम,
आज मनाएंगे हम क्रिसमस
छोड़ो सारे काम!

कहते हैं, जो भोले बच्चे
मन के होते सच्चे,
मिलते हैं उपहार उन्हीं को
सचमुच अच्छे-अच्छे।
सोच रहा हूं, कब आएगा
बूढ़ा सांता क्लॉज
क्या जाने अपने हाथों से
पहना दे वह ताज!
बनकर राजा बेटा नाचूं
देखें लोग तमाम,
याद रहेगा क्रिसमस सबको
और मेरा ही नाम!

---

## रंग भरो-140

**रंग भरो-140** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रायपुर



रेयांश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



सौम्या, दुर्ग



प्रेहन, कोरबा



निरीक्षा, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

प्रगति-बिलासपुर, सार्थक-रायपुर, प्रियंका-दिल्ली, दिनेश-भोपाल, लोकिता-नया रायपुर, समृद्धि-शहडोल, सुयश-बिलासपुर, उमेश-महेंद्रगढ़, पायल-रोहतक, अंकिता-जबलपुर, कपिल-दिल्ली, मुकेश-राजनांदगांव, हितेश-जबलपुर, रमेश-रायपुर, यश-दिल्ली

## रंग भरो 141

बच्चों, यहां पर क्रिसमस से जुड़ा एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें सांता क्लॉज दो बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-संपादक फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129 ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिम दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर भेजो।



## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर क्रिसमस के गिफ्ट्स लिए चार बच्चों के चित्र और नीचे उनकी परछाई दी गई हैं। तुम्हें बच्चों के चित्रों की सही परछाई को पहचानकर इनका मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-b, 4-a

## खबर संक्षेप

### ट्रक से हजारों की चाय पत्ती चोरी

**सांपला।** कुलताना मार्ग पर सड़क पर खड़े ट्रक से अज्ञात व्यक्ति रात को हजारों की चाय पत्ती चोरी कर ले गए। पुलिस ने ट्रक चालक यूपी निवासी धर्मेंद्र की शिकायत पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। धर्मेंद्र का कहना है कि वह कुलताना मार्ग पर स्थित टाटा चाय की कंपनी में ट्रक में चाय पत्ती लेकर आ रहे थे। देर रात वह बाहर गाड़ी खड़ी कर गाड़ी में सो गए। पीछे से अज्ञात व्यक्ति ने तरपाल खोलकर पत्ती चोरी कर ली।

### सामाजिक बुराइयों के प्रति किया जागरूक

**सांपला।** कसरेंटी नारायण माडर्न पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को एक जागरूक शिविर लगाया गया। जिसमें मंडल बाल कल्याण अधिकारी अनिल मलिक ने विद्यार्थियों को सामाजिक बुराइयों को प्रति जागरूक किया। उन्होंने बाल श्रम बाल, विवाह बाल हिंसा जैसी कुरीतियों के बारे में समझाया। अधिकारी ने कहा कि अगर आपके साथ कोई अहिंसा होती है तभी इस संबंध में तुरंत अपने परिवार को बताएं। उन्होंने विद्यार्थियों के शारीरिक मानसिक व स्वास्थ्य संबंधी भी जानकारी दी। स्कूल के प्राचार्य योगेश शर्मा ने अतिथि का स्वागत किया। स्कूल के निर्देश राज सिंह व रणदीप खत्री ने भी अपने विचार रखें।

### बैटरी चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

रोहतक। पुलिस की टीम ने बैटरी चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से चोरी की दो वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। थाना प्रभारी लाखनमाजरा ने बताया कि रामगोपाल निवासी सतीश की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि सतीश ने चांदी के अड्डे पर खाद बीज की दुकान कर रखी है। 17 को अज्ञात युवक सतीश की दुकान पर खडे ट्रैक्टर की बैटरी चोरी कर मौके से फरार हो गया।

### अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सीआईए प्रभारी सोमबीर ने बताया कि पकड़े गए युवक की मौके पर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल बरामद हुआ। आरोपी की पहचान सागर निवासी रोहद हाल रहणिया कॉलोनी झज्जर के तौर पर की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### मुंडाखेड़ा में गाड़ी का साइलेंसर चोरी

**बहादुरगढ़।** चोरों द्वारा न केवल वाहनों बल्कि उनके पार्ट्स पर भी हाथ साफ किया जा रहा है। विशेषकर गाड़ियों के साइलेंसर चोरों के निशाने पर हैं। गांव मुंडाखेड़ा में भी एक गाड़ी का साइलेंसर चुरा लिया गया है। वाहन मालिक युवराज का कहना है कि उसने अपनी इको गाड़ी मकान के नजदीक खड़ी की थी। सुबह जाकर जब स्टार्ट करने लगा काफी शोर सुनाई दिया। देखा तो साइलेंसर गायब था। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा भौरा रसूलपुर-पुगथला पहुंची

# हर जिंदगी को खुशहाल बनाना यात्रा का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाकर उनकी जिंदगी को खुशहाल बनाने के उद्देश्य से गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव भौरा रसूलपुर तथा पुगथला पहुंची। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा इस यात्रा को जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के अंतर्गत गांव में आयोजन जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंची विधायक निर्मल चौधरी ने केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाकर ही विकसित भारत की नींव को मजबूत किया जाएगा।

इसलिए समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद वरदान साबित होगी। उपस्थित ग्रामवासियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की दिलाई गई शपथ। विधायक ने कार्यक्रम में उज्वला योजना के तहत गैस सिलेण्डर तथा गैस चूल्हे वितरित करने के साथ-साथ आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। इस मौके पर एसडीएम निर्मल नागर, बीडीपीओ दीपिका शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष निशांत छौक्कर, ब्लॉक समिमि के चेयरमैन सेनू, गांव भौरा रसूलपुर की सरपंच संगीता तथा सोहनलाल, गांव पुगथला के सरपंच पूनम व ओमदत्त सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

### विधायक ने योजनाओं के लाभार्थियों से किया संवाद



गन्ननौर। विधायक निर्मल चौधरी उज्ज्वला योजना में जरूरतमंद महिला को चूल्हा वितरित करते । फोटो : हरिभूमि

### योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए

**राई।** भारत को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को गांव खटकड़ तथा खुर्मपुर में पहुंची। गांवों में पहुंचने पर राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली व ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा जोरदार स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने सरकारी योजनाओं को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन करते हुए योजनाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र लोगों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें। विधायक ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए निंरतर प्रयासरत है और यह यात्रा इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए।

# 25 मीटर रेस में चिराग प्रथम

- ग्लोबल पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक खेलोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्या प्रीति शर्मा। फोटो : हरिभूमि

गोहाना-खानपुर कलां मार्ग पर स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल में किंडरगार्टन की दो दिन की खेल प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो गईं। लेमन-स्पून रेस में अमायरा और रुही ने प्रथम, नव्या और अदिति ने द्वितीय तथा साक्षी और नमित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिताओं का शुभारंभ स्कूल के एमडी पंकज जाले ने दीप प्रज्वलित कर किया। अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या प्रीति शर्मा ने की। 25 मीटर दौड़ में सैंपलिंग रोज में चिराग ने प्रथम, परिणाज ने द्वितीय तथा अनव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं सैंपलिंग ट्यूलिप में श्रीयम ने प्रथम, काव्या ने द्वितीय, युविका और तृषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। थ्री लेग रेस में सैंपलिंग रोज में प्रियांश और प्रियंक ने प्रथम, कर्ण, जयदीप, अंशिका और अविका ने द्वितीय, अनिरुद्ध और अंश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



विद्यार्थियों में स्टेशनरी वितरित करते राजबीर सिंह दहिया। फोटो : हरिभूमि

### गांव जौली में विद्यार्थियों को बांटी स्टेशनरी

**गोहाना।** मार्केट कमेटी सोनीपत के पूर्व चेयरमैन राजबीर सिंह दहिया ने गुरुवार को गांव जौली स्थित राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों में स्टेशनरी बांटी। उन्होंने विद्यार्थियों को कठोर मेहनत और लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पूर्व चेयरमैन द्वारा गांव में दो कार्यक्रम आयोजित किए। एक कार्यक्रम निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का रहा और दूसरा कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्टेशनरी वितरण का रहा। स्वास्थ्य जांच कैंप में 432 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर में पीएचसी सरगथल और कायनॉस अस्पताल सोनीपत की टीम ने स्वास्थ्य की जांच की। इस अवसर पर डॉ. मिन्टू, रितु, संगीता, शीतल, नीलम, रोहित, सविता और मंदीप आदि उपस्थित रहे।

### वार्षिक उत्सव समारोह 24 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा

राई। बहालगढ़ चौक के पास स्थित देव ऋषि सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 24वां वार्षिक उत्सव समारोह 24 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी स्कूल के निदेशक जोगिंदर सिंह आंतिल ने दी। आंतिल ने बताया कि वार्षिक उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक, हरियाणा (सेवानिवृत्त) डॉ. सुमन मंजरी (आईपीएस) होगी व सम्मानित अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया शिरकत करेंगे। प्राचार्या रेनू गहलावत ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित के बाद सरस्वती वंदना से होगी। इसके बाद स्वागत गीत, हनुमान चालीसा, लिटिल चैम्प डांस (ग्रुप-1), जल संरक्षण पर थीम, कृष्ण अधिनियम, प्राचार्य द्वारा वार्षिक रिपोर्ट, स्टंट, लिटिल चैम्प (समूह-2), पंजाबी गिद्दा, मुख्य अतिथि का भाषण, सोशल मीडिया का दुरुपयोग, हरियाणवी डांस, पुरस्कार वितरण, अध्यक्ष द्वारा धन्यवाद ज्ञापन, राष्ट्रगान होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर स्कूल के छात्र जुटे हुए हैं।

# नशे से दूर रहने का दिया संदेश

- पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों ने खेला वालीबॉल मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए डीसीपी भारती डबास के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त हरियाणा अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत गुरुवार को गांव बड़ौता में ग्रामीणों में वालीबॉल का मैच करवाया गया। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों ने ग्रामीणों के साथ मैच खेलते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया।

डीसीपी भारती डबास ने कहा कि आज ग्रामीण अंचल के युवा नशे की लत में पड़ते जा रहे हैं। नशे की लत से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। युवा देश का भविष्य हैं। ऐसे में एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए युवाओं को नशे से दूर रखना होगा। इसके लिए पुलिस द्वारा नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त हरियाणा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत गांव के युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि वे नशे की लत में पड़ें। अभियान के तहत गुरुवार को गांव बड़ौता में ग्राम प्रहरी सुभाष कुमार के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ वालीबॉल मैच खेला। मैच में बड़ौता योद्धाज टीम को पराजित कर बड़ौता वॉरियर्स टीम विजेता बनी। इस अवसर पर सदर थाना प्रबंधक उमेश कुमार, प्रबन्धक थाना सदर गोहाना श्री उमेश कुमार, गांव के सरपंच संदीप हुड्डा आदि मौजूद थे।



गोहाना। विजेता टीम बड़ौता वॉरियर्स टीम को ट्राफी प्रदान करते पुलिस अधिकारी।

# किसानों के साथ हो रही ज्यादतीः सुशील

- आम आदमी पार्टी की परिवर्तन यात्रा राई हलके में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

हरियाणा में परिवर्तन लाने के लिए आम आदमी पार्टी की परिवर्तन यात्रा वीरवार को राई हलके में पहुंची। यात्रा का आम आदमी पार्टी शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष एवं खरखौदा हलका प्रभारी मास्टर सतनारायण आंतिल ने आप के प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद डा. सुशील गुप्ता का काफी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ बहालगढ़ में खेवड़ा रोड पर भव्य जोश व उत्साह के साथ स्वागत किया। मास्टर सतनारायण ने यात्रा का बड़ी क्रेन से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। उनकी सभा में कार्यकताअरं में जोश व उत्साह था। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आप की हरियाणा में सरकार आने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली की सुविधा दिल्ली की तरह मिलेगी। किसानों के साथ मनोहर सरकार ने हमेशा दोहरा रवैया अपनाने का काम किया। हरियाणा में भी मनोहर लाल सरकार किसानों के साथ 2014 से ही ज्यादती करने का काम कर रही है। न फसलों का रेट मिलता है, न समय पर मुआवजा मिलता है और जब-जब किसानों ने सड़कों पर अपने हक की आवाज उठाई है तो उनको सिर्फ लाठियां ही मिली हैं। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा किसान विरोधी सरकार है, 2014 में आते ही भाजपा ने भूमि अधिग्रहण नियमों को बदलने की कोशिश की और 2019 में आते ही तीन काले कृषि कानून लेकर आई, जब किसानों ने सरकार को बैकफुट पर ला दिया था।



राई। हलके से आप नेता व शिक्षा सेल जिला अध्यक्ष मास्टर सत्यनारायण आंतिल के नेतृत्व में यात्रा में उमड़ी भीड़।

### सरकार बनने से प्रदेश में बदलाव संभवः गुप्ता

**खरखौदा।** आम आदमी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुशील गुप्ता के नेतृत्व में बदलाव यात्रा खरखौदा के मटिंडू चौक पहुंची। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस तरह दिल्ली व पंजाब की जनता ने केजरीवाल द्वारा किए गए कार्यों पर भरोसा करते हुए सरकार बनाने का काम किया है। उसी तरह हरियाणा में बदलाव लाने का जनता का मन बना चुकी है। इसी उद्देश्य के साथ प्रदेश में आम आदमी पार्टी द्वारा बदलाव यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार से जनता दुःखी हो चुकी है।

# एटीएम कार्ड चोरी कर 60 हजार रुपये निकालने के मामले में आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पुलिस ने एटीएम कार्ड चोरी कर एटीएम से 60 हजार रुपये निकालने की वारदात आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है। उसके बाद आरोपी को जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी शिवाजी कॉलोनी प्रदीप दहिया ने बताया कि सुनारिया कला निवासी श्रीभगवान की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि 28 अगस्त को श्रीभगवान ने अपने एटीएम से पांच हजार रुपया निकाले थे, जिसके बाद श्रीभगवान के खाते में करीब 62 हजार रह गए। श्रीभगवान ने एटीएम से पैसे निकालने के लिए अपने बेटे को एटीएम कार्ड दिया। श्रीभगवान के खाते में 1816 रुपये मिले। श्रीभगवान के खाते से 60 हजार रुपये निकले हुए मिले। जांच के दौरान 19 दिसंबर को आरोपी सागर निवासी गामटान जिला झज्जर हाल किराएदार सुनारिया कला को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने श्रीभगवान का एटीएम कार्ड चोरी कर एटीएम से पैसे निकालकर एटीएम को वापिस उसी जगह पर रख दिया था।

# एनकाउंटर के बाद गोगी गैंग का बदमाश दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले के स्पेशल स्टाफ ने मुठभेड़ के बाद कुख्यात गोगी गैंग के एक शातिर बदमाश राजेश थापा को पकड़ा है। इसके पास से एक देशी कट्टा और दो कारतूस बरामद किए गये। बदमाश स्थानीय व्यवसायियों से रंगदारी वसूलने पहुंचा था। डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार अलीपुर पुलिस को स्थानीय व्यवसायियों से रंगदारी वसूलने की सूचना मिली थी।

मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। यह पता चला कि गोगी गिरोह का संचालन कुख्यात गैंगस्टर योगेश उर्फ टुंडा ने संभाल लिया है, जो वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है। वह अपने गुर्गों के माध्यम से जबरन वसूली कॉल कर रहा है। पुलिस ने ट्रैप लगाकर सुशील कुमार



निवासी रक्सेढ़ा गांव, जिला पानीपत, हरियाणा को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान सुशील ने खुलासा किया कि वह अपने साथियों हर्ष उर्फ चिंटू और करण थापा के साथ योगेश टुंडा के निर्देश पर अलीपुर और आसपास के इलाकों में व्यापारियों से रंगदाही वसूल रहा था। इसकी निशानदेही पर एक अन्य सह-आरोपी, हर्ष उर्फ चिंटू निवासी अलीपुर को ओमैक्स सिटी, सोनीपत से पकड़ा गया। इसी बीच गोगी गैंग के एक और फरार सदस्य के रंगदारी में सक्रिय होने की जानकारी मिली। स्पेशल स्टाफ टीम द्वारा मुखमेलपुर गांव में शमशान घाट के पास जाल बिछाया गया। एक संदिग्ध को रुकने के लिए कहा गया, तो उसने मोटरसाइकिल की गति बढ़ाकर भागने का प्रयास किया। साथ ही पुलिस पर गोलियां चला दी। पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई जोकि बदमाश के बाएं पैर में लगी। इसकी पहचान अलीपुर निवासी राजेश थापा के रूप में हुई। उसे एसआरएचसी अस्पताल ले जाया गया जहां से रोहिणी के बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# हलके की समस्याओं से पूर्व मुख्यमंत्री को करवाया अवगत

**राई।** आंतिल खाप बारहा के प्रधान व कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकाल में राई हलके का जो विकास हुआ। उसकी आज भी हलके के लोगा सराहना कर रहे है। आंतिल ने कहा कि भाजपा कार्यकाल में हलके में विकास नही हुआ है। इस कारण हलके की जनता आज भी कांग्रेस कार्यकाल को याद कर रही है। आंतिल ने कहा कि रोजगार के मामले भी प्रदेश का युवा कौशल रोजगार में रोजगार पाकर स्वयं का ठगा सा महसुस कर रहा है।



राई। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा से आंतिल खाप बारहा के प्रधान व कांग्रेस नेता जयभगवान आंतिल हलके के बारे में चर्चा करते हुए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में दिन-प्रतिदिन कांग्रेस का जनाधार बढ़ रहा है। इस मौके पर उनके साथ पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठान और गीता महायज्ञ में डाली आहुति

# गीता का जन्म स्वंय भगवान श्री कृष्ण के मुख से हुआः स्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर





गन्नौर। स्वामी ज्ञानानंद महाराज साथ में सांसद रमेश कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी आहुति देते व लोग हवन यज्ञ में उपस्थित। फोटो :हरिभूमि

वीरवार को गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में कोर्ट कॉम्प्लेक्स में गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज का गन्नौर में पहुंचने पर सांसद रमेश कौशिक व विधायक निर्मल चौधरी ने बुके व फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। गीता मनीषी पूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान और गीता महायज्ञ में आहुति डाल कर मानवता का पाठ पढ़ाते हुए सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय की कामना की। साथ ही अपने परिवार सहित महायज्ञ में आहुति डाल कर /"हम एक बने हम नेक बने/" की शपथ भी दिलाई गई। उन्होंने कहा कि गीता जयंती पर हिंदू धर्म के महाग्रंथ गीता, भगवान श्रीकृष्ण और वेद व्यासजी की पूजा की जाती है. माना जाता है कि दुनिया में किसी भी पवित्र ग्रंथ का जन्मदिन नहीं मनाया जाता है. लेकिन श्रीमद्भागवत गीता दुनिया का इकलौता ऐसा ग्रंथ है जिसकी जयंती मनाई जाती है। इसके पीछे का कारण यह है कि अन्य ग्रंथ इंसानों द्वारा संकलित किए गए हैं लेकिन गीता का जन्म स्वंय भगवान श्री कृष्ण के मुख से हुआ है। गीता में लिखा हुआ एक-एक श्लोक भगवान श्रीकृष्ण कि भगवत गीता का ज्ञान सारी दुनिया के लोगों की भलाई के लिए है। इसको पढ़ने से व्यक्ति वास्तविकता से परिचित हो जाता है और वो अंधविश्वासी नहीं रहता। भगवत गीता का ज्ञान समय और परिस्थिति से भी परे है क्योंकि इसका ज्ञान महाभारत के समय अर्जुन के लिए जरूरी था, आज भी लोगों के लिए जरूरी है और ये दुनिया रहेगी तब तक जरूरी बना ही रहेगा क्योंकि ये ज्ञान निःस्वार्थ है और निःस्वार्थ ज्ञान को समय,परिस्थिति,देश,जाति के लिए है। स्वामी ने कहा कि गीता के माध्यम से पूरे विश्व को समता, समरसता और सद्भावना के सूत्र में पिरोने के उद्देश्य से वैश्विक आह्वान करते हुए गीता जयंती के दिन एक मिंट एक साथ गीता पाठ करने की बात कही। उन्होंने कहा कि 23 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे पूरे विश्व मे गीता के प्रथम अध्याय के प्रथम श्लोक, 9 वें अध्याय के 22 वें श्लोक एवं 18 वे अध्याय के अंतिम श्लोक का एक मिनट के लिए एक साथ पाठ किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एसडीएम निर्मल नागर, पंकज गौड़, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, तहसीलदार मनोज, बीडीपीओ दीपिका शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा, समाजसेवी राजेन्द्र कौशिक, सुरेंद्र चौधरी, नगरपालिका चेयरमैन अरुण त्यागी, आजाद नेहरा, बार के प्रधान युद्धवीर रापरिया सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### एक्टिवा चोरी का आरोपी काबू

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने एक्टिवा चोरी की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश करके जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी पुरानी सब्जी मंडी निरीक्षक सत्यपाल ने बताया कि सल्लारा मौहल्ला निवासी सुनील की शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 15 दिसंबर को सुनील अपनी एक्टिवा को निक्कू आटा चक्की के सामने खड़ा कर पैदल-2 झुला चौक की तरफ चला गया। वापिस आने पर सुनील को अपनी एक्टिवा नहीं मिली। जांच के दौरान 20 दिसंबर को आरोपी मनोज निवासी पीर वाली गली डेयरी मौहल्ला को गिरफ्तार किया गया है।

**सूचना**

मै, अमरसिंह पुत्र प्रभा निवासी गांव सरढाना, गन्नौर, सोनीपत बयान करता हूं कि मैं अपने लड़के कृष्ण कुमार को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ यह मेरे कहने सुनने से बाहर है भविष्य में इससे कोई लेन-देन व गैर कानूनी कार्य या लीवइन रिलेशनसिप मे रहता है या शादी कर लेता है तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



### जाट समाज का चिंतन शिविर 23 से बड़ौत में

**सोनीपत।** अंतरराष्ट्रीय जाट सभा की बैठक प्रदेशाध्यक्ष डा. राजेश दहिया की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 23 व 24 दिसंबर को बड़ौत में जाट समाज का चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान महासभा की ओर से क्षेत्र के जाट समाज को सम्मेलन में पहुंचनें का न्यौता दिया गया, जोकि चौधरी चरण सिंह गुरप ऑफ इंस्टीट्यूट घपरौरी रोड, बड़ौत में आयोजित किया जाएगा।

### गुरुद्वारे में कथा और कीर्तन दरबार 27 को

**गोहाना।** सिख धर्म की दशम पातशाही गुरु गोबिंद सिंह के 358 वें प्रकाश उत्सव पर वार्ड नंबर 8 में सत नगर में स्थित सचखंड गुरुद्वारे में कथा और कीर्तन दरबार का शुभारंभ 27 दिसंबर को होगा। गुरुद्वारा प्रधान डॉ. प्रदीप खानिजो करेंगे, संयुक्त संयोजन सचिव डॉ. सुरेश सेतिया और कोषाध्यक्ष प्रिंसिपल के.एल. दुरेजा के साथ सुखमणि सोसायटी का रहेगा।

### पूर्व मंत्री की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर 23 को

**गोहाना।** पूर्व मंत्री व एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसायटी के संस्थापक पं. रामधारी गौड़ की 101वीं पुण्यतिथि 23 दिसंबर को दूसरा रक्तदान शिविर बरोदा रोड स्थित बाल भारती विद्यापीठ में आयोजित होगा। प्रधानाचार्या सुमन कौशिक ने बताया कि उनके द्वारा स्थापित सोसायटी गोहाना में दो स्कूलों का संचालन कर रही है। जिनमें एक शिक्षा बोर्ड भिवानी व दूसरा से सीबीएसई से संबंधित है।

### बरोणा गांव से 13 वर्षीय किशोर लापता, केस

**खरखौदा।** बरोणा गांव से एक 13 वर्षीय किशोर संदिग्ध हालात में लापता हो गया है। परिजनों द्वारा तलाश किए जाने पर भी जब किशोर के बारे मे जानकारी नहीं मिल पाई, तो मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बरोणा गांव के रहने वाले योगेश का कहना है कि उनका 13 वर्षीय बेटा वंश संदिग्ध हालत में घर से लापता हो गया।

## परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक

# मंत्री के सामने लोगों ने किया हंगामा बोले, बरगलाओ नहीं, समाधान करो

जैसे ही लाइन में लगे लोगों की शिकायत लेने को मंत्री कुर्सी से उठे तो हंगामा शुरू किया दिया पुलिस ने लोगों को समझाया, 15 शिकायतों में से 12 का मौके पर समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। बैठक के दौरान अपनी शिकायत रखते हुए लोग।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा के सामने लोगों ने उस समय विरोध किया। कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायत देने के लिए लाइन में खड़े लोगों से शिकायत ले रहे थे। लोगों ने आरोप लगाया कि उनकी शिकायतों पर समाधान करने की बजाए उन्हें बरगलाया जा रहा है। उम्मीद से सरकार के पास पहुंचते हैं, लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है। मंत्री वीरवार को लघु सचिवालय में बैठक में हिस्सा लेने पहुंचें थे। हंगामा तब हुआ जब लंबे समय से लाइन में काफी देर से खड़े कुछ लोगों को शिकायतें सुनी। फिर मंत्री ने कुर्सी से उठकर लोगों की लिखित शिकायत लेना शुरू की तो लोगों ने हंगामा कर दिया। मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। इससे पहले बैठक में मंत्री ने 15 में से 12 शिकायतों मौके पर समाधान कराया।

बैठक में जुआं के ग्रामीणों ने भी शिकायत दी। जिसमें बताया कि गांव के बीपीएल परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट अलॉट किए गए थे, लेकिन आज तकर मौके पर जगह नहीं मिल पाई। उन्होंने बताया कि 22 दिनों से ग्रामीणों का धरना भी जारी है।

इस दौरान विधायक मोहनलाल बड़ौली, विधायक सुरेंद्र पंवार, डीसी डॉ. मनोज कुमार, निगमायुक्त विश्राम मीणा, डीसीपी विरेंद्र सिंह, एडीसी अंकिता चौधरी, एसडीएम निर्मल नागर, आशीष कुमार, अमित कुमार, डॉ. अनमोल, सीटीएम पूजा कुमारी, डीआरओ हरिओम अत्री मौजूद रहे।

### स्कूल की जमीन पर कब्जा, जांच के आदेश

बैठक के दौरान आरके कॉलोनी से समाज सुधार समिति के सदस्य राकेश कोच ने कहा कि कॉलोनी में राजकीय माध्यमिक स्कूल की दो एकड़ जमीन पर पांच साल से अवैध कब्जा बना हुआ है। उनका आरोप है कि कॉलोनी में स्कूल के खेल मैदान की जमीन पर कब्जा होने के कारण बच्चों को खेलने कूदने में परेशानी हो रही है। ऐसे में प्रशासन की ओर से दो बार ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाकर अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। इस पर मंत्री ने नगर निगम, शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कमेटी बनाकर जांच के निर्देश दिए।

### दो साल से सीवर समस्या, एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी

बैठक में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने खरखौदा के वार्ड-10 के कर्मबीर की सीवर समस्या संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने कहा कि दो साल से सीवर समस्या बनी हुई है। अधिकारियों की ओर से सिर्फ बरगलाया जा रहा है। अधिकारी समस्या का समाधान करने के बजाए उनसे संतुष्टि पत्र लिखवा रहे हैं। इस पर परिवहन मंत्री ने एसडीएम की अध्यक्षता में कमेटी का गठन करते हुए जांच के निर्देश दिए।

### ठेके से आपत्ति, आए नहीं शिकायतकर्ता

कैलाना के ग्रामीणों की गांव से शराब का ठेका उठवाने की शिकायत करने वाले ही बैठक में नहीं पहुंचे। बैठक में सरपंच के पिता ने कहा कि अवैध शराब विक्रेताओं ने इस प्रकार की गलत शिकायत दी है। इस दौरान कुछ शिकायतकर्ता बैठक में शामिल नहीं हुए। इस पर परिवहन मंत्री ने निर्देश दिए कि कष्ट निवारण समिति की बैठक में गंभीर शिकायतकताअरं की शिकायतें ही शामिल की जाएं, इसके लिए जांच अवश्य करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि बैठक में पक्ष और विपक्ष दोनों को बुलाया जाए, ताकि हर शिकायत का ठोस व उचित समाधान किया जा सके।

### ओपी धामा की शिकायत पर जांच के आदेश

गांव खानुपर खुर्द के ओपी धामा ने शिकायत दी कि गांव में अनुसूचित जाति की चौपाल को गलत तरीके से बेच दिया गया है, जबकि चौपाल के लिए उनके पूर्वजों ने 50 साल पहले जमीन दी थी। चौपाल निर्माण के लिए सरकार से दो बार ग्रांट भी मिली है। चौपाल का उद्घाटन उस समय बरोदा से विधायक रहे केआर पूनिया से कराया गया था। इस शिकायत की जांच परिवहन मंत्री ने उपायुक्त को सौंपते हुए पूर्ण जांच कर समाधान करवाने के निर्देश दिए। वहीं गांव नाथूपुर के राकेश ने मुख्यमंत्री घोषणा के तहत गांव में पेयजल लाइन बिछवाने की मांग की।

### पॉलीग्राफ टेस्ट कराने के दिए आदेश

उत्तम नगर निवासी नंदलाल शर्मा ने बताया कि वह 9 दिसंबर को पत्नी को इलाज कराने के लिए परिवार के साथ रोहतक अस्पताल में गए हुए थे। रविवार दोपहर पड़ोसी को ताले टूटे मिले और कमरों के अंदर सामान बिखरा हुआ था। सूचना पर घर आकर देखा तो घर से 65 हजार नकद, सोने व चांदी के आभूषण, एलईडी, रिवाल्वर, 30 कारतूस चोरी मिले थे। सीसीटीवी के आधार पर जिनकी पहचान के बाद भी पुलिस ने पकड़कर छोड़ दिया। मंत्री ने पुलिस को पॉलीग्राफ टेस्ट करवाने के निर्देश दिए।



### इशिका, शुभम और दीपिका की टीम विजेता घोषित

**गोहाना।** शहर में गुढ़ा रोड पर स्थित जेएलएन स्कूल में मनाए जा रहे गणित सप्ताह के चौथे दिन गुरुवार को कक्षा 6 से कक्षा 8 की मैथ्स क्विज प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में इशिका, शुभम और दीपिका की टीम प्रथम रही। जेएलएन स्कूल महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर गणित सप्ताह मना रहा है। प्रतिदिन गणित से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई जा रही हैं। इसी क्रम में कक्षा 6 से 8 की मैथ्स क्विज सम्पन्न हुई। मार्गदर्शन स्कूल की प्रबंधक कृष्णा शर्मा ने किया। अध्यक्षता एमडी.सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन स्कूल के उप प्राचार्य सूरत शर्मा और सह निदेशक राज कुमार का रहा। इस क्विज कम्पीटीशन में द्वितीय स्थान पर प्रतीक, हितेश और प्राची की टीम, तृतीय स्थान पर राम, देवांश और समीर की टीम रही।

### झगड़े में युवक ने किया हवाई फायर, केस दर्ज

**गोहाना।** बुटाना गांव के अड्डा पर एक ढाबा पर खाना खाने के लिए आए दो गाड़ी चालकों में झगड़ा हो गया। झगड़े में एक युवक ने पिस्तौल से हवाई फायर कर दिया। ढाबा संचालक ने डायल 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद दोनों गाड़ी चालक भाग गए। ढाबा संचालक रामकरण ने बताया कि गांव के अड्डा पर उनका सरपंच ढाबा के नाम से होटल है। बुधवार देर रात करीब 12:20 बजे एक गाड़ी उनके ढाबा पर रूकी। चालक ने उसे खाना तैयार करने को कहा। कुछ देर बाद एक काले रंग की स्कापीर्यो गाड़ी ढाबे पर आकर रूकी। थोड़ी देर बाद दोनों गाड़ी चालकों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। उनमें से एक ने पिस्तौल निकालकर हवाई फायर कर दिया। उसने चिल्लाकर पुलिस को फोन करने को कहा। इस पर दोनों चालक अपनी-अपनी गाड़ी लेकर मौके से भाग गए। इस दौरान दो मोबाइल फोन नीचे गिर गए। हवाई फायर की सूचना देने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई।

## ट्रैफिक नियमों की पालना करने की दिलाई शपथ




सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मंच से जानकारी देते हुए संदीप बतरा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

एसएम हिंदू स्कूल में चल रहे रेडक्रॉस के सेमिनार में वीरवार को सड़क सुरक्षा संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के जिला संयोजक संदीप बतरा ने मुख्यातिथि के तौर पर पहुंचकर सड़क सुरक्षा विषय की गंभीरता को समझाया। जानकारी के अभाव में कई रास्ते दुघर्टना का केंद्र बन जाते हैं। इस दौरान संदीप बतरा ने उपस्थित जनों को सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में बिजेंद्र सिंह, रमेश कुमार, आशा, नीरज, शालिनी, ज्योति, देवेंद्र, प्रोमिला, मेहर सिंह, राजबीर सिंह आदि 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

### प्रश्नोत्तरी में जैन स्कूल 5वें स्थान पर रहा

**गोहाना।** गुरुवार को कुरुक्षेत्र में सम्पन्न तीन दिन के गीता जयंती के राज्य स्तरीय महोत्सव की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गोहाना के जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल की टीम पांचवें स्थान पर रही। राज्य स्तरीय गीता जयंती महोत्सव कुरुक्षेत्र में तीन दिन चला। मंगलवार को प्रारंभ यह महोत्सव गुरुवार को पूर्ण हुआ। प्रश्नोत्तरी में गोहाना के जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने सोनीपत जिले का प्रतिनिधित्व किया। इस स्कूल की टीम 5वें स्थान पर रही। स्कूल की टीम में शुभम, हिमांशी और मोनी थे। टीम ने अपने प्राचार्य केएल दुरेजा के साथ पुरस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर शिक्षक जय किशन, प्रियंका, ममता अग्रवाल, शकुंतला दुरेजा आदि भी उपस्थित रहे।

## पेरोल लेकर बना बाबा, 23 साल बाद पकड़ा

- गांव पिनाना में बीएसएफ जवान की पत्नी की हत्या के मामले में हुई थी उम्रकैद की सजा
- पेरोल पर आने के बाद भागा था करनाल, जहां बाबा का वेष बनाकर चला गया था बिहार
- बिहार से पहुंचा पश्चिम बंगाल, जहां से असम में रह रहा था बाबा बनकर
- 8 दिसंबर को मिली थी जानकारी, गन्नौर में आया बाबा तो पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव पिनाना में हुई महिला की हत्या करने के बाद पैरोल पर आकर भूमिगत हुए उद्घोषित अपराधी को गन्नौर क्राइम यूनिट ने गन्नौर के खेतों से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव पिनाना निवासी चेतराम उर्फ चेतू है। वह 23 साल पहले पैरोल पर आने के बाद भूमिगत हुआ था। आरोपित की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी बाबा बनकर रह रहा था। क्राइम यूनिट गन्नौर प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि उन्हें 8 दिसंबर को जानकारी मिली कि सदर थाना सोनीपत क्षेत्र में 26 साल पहले हुई महिला केला की हत्या में दोषी करार दिया गया चेतराम असम में रह रहा है। आरोपित पर 25 हजार का इनाम है। जिस पर उन्होंने सीपी के साथ ही डीसीपी गौरव राजपुरोहित व एसीपी संदीप धनखड़ को अवगत कराया। उसके बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस को वीरवार को पता लगा कि आरोपित गन्नौर क्षेत्र में आया है। इस पर एसआई चांद सिंह व जगप्रीत की टीम बनाई गई। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### ससुर के साथ खेत से लौटते समय की थी हत्या

गांव पिनाना में सितंबर, 1997 में केला की हत्या हुई थी। केला के ससुर दुलीचंद ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे राजेंद्र बीएसएफ में हैं। बेटे की शादी गांव जागसी की केला के साथ 10 साल पहले हुई थी। घटना के दिन केला अपने ससुर के साथ खेत में पशुचारा लेने गई थी। खेत से लौटते समय उनकी धारदार हथियार से हत्या कर शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया था। मामले में दुलीचंद के बयान पर मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें पुलिस ने आरोपित चेतराम उर्फ चेतू को गिरफ्तार किया था। जिसने रंजिश में वारदात को अंजाम देना कबूल किया था। उसे अदालत ने मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई थी। जिसमें वह वर्ष 2000 में चार सप्ताह की पैरोल पर आने के बाद भूमिगत हो गया था।

### बाबा बनकर छिपता रहा आरोपी

एसआई चांद सिंह ने बताया कि आरोपित ने बताया कि वह सोनीपत से भागकर करनाल गया था। वहां पर बाबा के वस्त्र धारण कर लिए। इसके बाद बाबा बनकर छिपता रहा। यहां से वहा बिहार चला गया। वहां से पश्चिमी बंगाल और अब असम में रह रहा था। वह गन्नौर क्षेत्र में आया तो पुलिस ने पकड़ लिया।

## अवैध हथियार के साथ आरोपी काबू

**गोहाना।** सदर थाना पुलिस ने खेड़ी दमकन गांव स्थित न्यात मोड से अवैध हथियार के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सरढ़ाणा गांव निवासी जितेंद्र है। जो खेड़ी दमकन गांव में अपने किसी परिचित के घर आया हुआ था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस को खेड़ी दमकन गांव में एक युवक के पास अवैध हथियार होने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस ने गांव के आसपास के रास्तों पर नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद एक युवक गांव से न्यात मोड की तरफ आया। पुलिस को देख युवक तेजी से दूसरी तरफ जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान युवक के पास 32 बोर की देशी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस मिले है। युवक के पास हथियार रखने का लाइसेंस नहीं था। अवैध रूप से हथियार रखने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 8295154800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## बड़वासनी व चिटाना पहुंची यात्रा

- गांव बड़वासनी में पूर्व मंत्री कविता जैन तथा गांव चिटाना में पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने बतौर मुख्यातिथि किया जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सम्मानित करती पूर्व मंत्री साथ में अन्य।

केन्द्र व हरियाणा सरकार की योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को उनके घर द्वार पर लाभ देने के लिए गुरूवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव बड़वासनी तथा चिटाना पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा को स्वागत किया। यात्रा के अंतर्गत गांव बड़वासनी में पूर्व मंत्री कविता जैन तथा गांव चिटाना में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने बतौर मुख्यातिथि जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल व प्रदर्शनी लगाकर आमजन को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं व सेवाओं की जानकारी दी जा रही है। लाभार्थी एक ही स्थान पर अपनी समस्याओं का समाधान पाकर व योजनाओं का लाभ मिलने से खुश नजर आ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री कविता जैन व राजीव जैन ने गांव की गर्भवति महिलाओं को फल, उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेण्डर व गैस चूल्हे तथा आयुष्मान चिरायु योजना के तहत चिरायु कार्ड वितरित किए, इसके साथ ही स्वामित्व योजना के तहत लोगों को प्रोपर्टी कार्ड भी वितरित किए। इस अवसर पर बीडीपीओ उत्तम, गांव चिटाना के सरपंच संजय, गांव बढ़वासनी की सरपंच शीला, ब्लॉक समिमि मेंबर सुदेश, पूर्व सरपंच जसबीर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने उपराष्ट्रपति की मिमिक्री पर किया विरोध प्रदर्शन

- पुतला फूंककद जताया अपना विरोध, नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा



खरखौदा। दिल्ली चौक पर पुतला दहन करते भाजपा कार्यकर्ता।

भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी खरखौदा के दिल्ली चौक पर एकत्रित हुए और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने का विरोध जताया गया। भाजपाइयों ने पुतला फूंक कर अपनी नाराजगी जाहिर की और विपक्षी दलों व कांग्रेस विरोधी नारेबाजी की। युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेश जठेड़ी की अध्यक्षता में कार्यकर्ता शहर के दिल्ली चौक पर एकत्रित हुए। जिन्होंने राहुल गांधी व सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नाराजगी जताई और उपराष्ट्रपति पद की गरिमा को बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की ओछी हरकत करके विपक्ष के सांसदों ने अपनी मानसिकता का परिचय दिया है जिसमें सभी को सुधार लाना चाहिए। उपराष्ट्रपति का पद एक सम्माननीय पद है। जिस पर किसी भी प्रकार की टिप्पणी को भाजपा सहन नहीं करेगी। विपक्ष के साथ साथ सांसद राहुल गांधी व सांसद कल्याण बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर मीना नरवाल, ब्लॉक अध्यक्ष सत्येंद्र, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजवीर दहिया, जिला पार्षद मनजीत भोला, एडवोकेट मनीष नरवाल व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्री बोर्ड परीक्षाओं में प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिकाएं न देने का मामला

## राकवमावि जुआं की प्राचार्या बीईओ कार्यालय से अटैच

- ग्रामीणों ने जड़ दिया था स्कूल पर ताला, प्राचार्या पर लगाए थे कई गंभीर आरोप
- जांच के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट भेजी मुख्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

गांव जुआं के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या को बीईओ कार्यालय से अटैच किया है। छात्राओं को प्री बोर्ड परीक्षा में प्रिंट प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिकाएं नहीं देने के मामले में शिक्षा विभाग ने यह कार्रवाई की है। साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि उन्हें आगामी आदेशों तक बीईओ कार्यालय में ही रिपोर्ट देनी होगी। बता दें कि गांव जुआं स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं ने अभिभावकों के साथ 19 दिसंबर को स्कूल गेट पर ताला जड़कर प्रदर्शन किया था। छात्राओं का आरोप था कि स्कूल में प्री बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं, लेकिन उन्हें न तो प्रिंट प्रश्नपत्र दिए जा रहे हैं और ना ही उत्तर पुस्तिकाएं। अध्यापक श्यामपट्ट पर प्रश्न लिख देते हैं, जिन्हें पहले हमें अपनी कॉपी में उतारना पड़ता है और बाद में कॉपी के पेज फाड़कर उनपर ही उत्तर लिखने पड़ रहे हैं। शिक्षा विभाग ने प्राचार्य को प्रिंट पेपर व उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हुए हैं। स्कूल प्राचार्या से मिले तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जिससे गुस्साए ग्रामीणों ने स्कूल गेट पर ताला जड़ दिया था। ग्रामीण प्राचार्या का तबादला करने की मांग पर अड़े हुए थे। प्राचार्य का तबादला नहीं करने पर छात्राओं को स्कूल में नहीं भेजने की चेतावनी दी गई थी। इसके लिए ग्रामीणों ने सोमवार तक का समय दिया था।

मामले की जांच करने के लिए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज बाल्याण व सोनीपत खंड शिक्षा अधिकारी मंजू गर्ग की टीम गठित की थी। टीम ने स्कूल में जाकर छात्राओं व अध्यापकों से बातचीत की। उसके बाद टीम के अधिकारी ग्रामीणों से भी मिले और उनसे बातचीत की। जिसके आधार पर अपनी रिपोर्ट तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को सौंप दी।

### आदेशानुसार होगी आगामी कार्रवाई

गांव जुआं के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य को अस्थायी तौर पर सोनीपत खंड शिक्षा अधिकारी कायालय के साथ अटैच किया गया है। उन्हें आगामी आदेशों तक कार्यालय में रिपोर्ट देनी होगी। स्कूल में प्रिंट प्रश्नपत्र नहीं देने के मामले में गठित कमेटी की रिपोर्ट को मुख्यालय भेज दिया गया है। मुख्यालय से जो भी आदेश मिलेंगे, उनकी अनुपालना की जाएगी। स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने वाली छात्राओं को सभी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।

-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### सब स्टेशन से कापर केबल व प्लेट चोरी

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक का क्षेत्र में स्थित 220 के वी सब स्टेशन की कापर केबल, कापर की प्लेट, एल्युमिनियम की प्लेट व लोहे की एंगल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस में बिजली विभाग को दी। शिकायत के बाद बड़ी औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में जे ई नीरज ने बताया कि 20 दिसंबर सब स्टेशन का यार्ड मे घुमते हुये देखा कि सब स्टेशन से 220 के वी की कापर केबल, कापर की प्लेट, एल्युमिनियम की प्लेट व लोहे की एंगल चोरी हो गई है। सब स्टेशन का यार्ड एरिया 5 एकड़ में है।